DAINIK JAGRAN 23.09.2019

# बीएसएफ पोस्ट के पास से घुसा था घुसपैठिया

## पाकिस्तानी नागरिक बोला घर में झगड़ा करने के बाद चला आया था सीमा की ओर

**संवाद सहयोगी, आरएसपुरा :** सीमा पार कर शनिवार को भारतीय क्षेत्र में घुस आए पाकिस्तानी नागरिक ने खुलासा किया कि वह भारत-पाक सीमा पर स्थित भारतीय सुरक्षा बल की पोस्ट सुशील के पास से भारतीय सीमा में घुसा था। इसके बाद उसने वहां से बेगा गांव में सुरक्षा बांध से नीचे उतरकर चंदू चक्क गांव की ओर गया। वहां उसने एक ग्रामीण की जेब से रुपये निकाले। इसके बाद एक अन्य घर में घुसकर कपड़े बदले, जहां वह पकड़ा गया। ये सभी बातें उसने पूछताछ में पुलिस को बताई हैं।

रविवार को एसओजी की टीम बशारत अली को लेकर चंदू चक्क गांव सहित सीमा पर भी गई। पुलिस ने बशारत अली द्वारा दी गई जानकारी की जांच की। पुलिस टीम ने उसके द्वारा भारत में घुसने के बताए मार्ग पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और वहां से सिगरेट का एक पैकेट भी बरामद किया। पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक ने पुलिस को यह भी बताया कि वह सियालकोट के जटवां गांव का रहने वाला है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है और उसकी दो बहनें हैं। उसने पुलिस को अपना नाम बशारत अली व पिता का नाम मोहम्मद रफीक बताया है। उसने बताया कि शुक्रवार की सुबह घर के लोगों से उसका झगड़ा हो गया था। इससे नाराज होकर वह सीमा की ओर चला आया। यहां उसने भारतीय सीमा सुरक्षा बल की पोस्ट कठमारियां और सुशील के सामने पहले भांग का नशा किया। इसके बाद सिगरेट पी और फिर सुशील पोस्ट के पास से तारबंदी को पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस आया। इसके बाद वह आगे बढ़ते हुए चंदू चक्क गांव पहुंचा, जहां उसने एक बुजुर्ग की कमीज की जेब से पैसे निकाले। इसके बाद दीवार फांदकर साथ लगते घर में घुस गया। यहां उसने छत पर सुखाने के लिए रखे गए कपड़े पहन लिए। इस बीच घर की एक महिला को देखकर छुपने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसने उसे देख लिया और शोर मचा दिया।

### घुसपैठिया कहीं आतंकी संगठन से जुड़ा तो नहीं

जांच एजेंसियों को पाकिस्तानी नागरिक की बातों पर यकीन नहीं हो रहा है। वे पता कर रही हैं कि कहीं घुसपैठिया किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ा तो नहीं है। एसएसपी ऑपरेशन संजीव मेहता, एसपी साउथ विनय शर्मा, सीमा सुरक्षाबल के वरिष्ठ अधिकारियों और एसपी हेड क्वार्टर फारूक केसर सहित पुलिस अधिकारियों ने घुसपैठिए से कई घंटे पूछताछ की है। घुसपैठिए को तारबंदी के निकट भी ले जाया गया, जहां से उसने घुसपैठ की थी। एसपी हेडक्वार्टर के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं को लेकर अभी फिलहाल छानबीन कर रही है। मोबाइल डिटेल की भी जांच की जा रही है। शक के आधार पर कई लोगों से भी पूछताछ की गई है।



सीमावर्ती आरएसपुरा में पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए को पूछताछ के लिए ले जाती जांच एजेंसियां •

### सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, ग्रामीणों से भी की पूछताछ

पाकिस्तानी नागरिक के पकड़े जाने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां और सतर्क हो गई हैं। विभिन्न जांच एजेंसियों ने सीमावर्ती ग्रामीणों से भी जानकारी हासिल की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर दिन में एक व्यक्ति सीमा पार कर भारतीय सीमा में घुस आया है तो रात में तो कुछ भी हो सकता है। उनका कहना है कि क्षेत्र में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के लोग काम कर रहे हैं, ऐसे में एक पाकिस्तानी नागरिक कैसे भारतीय क्षेत्र में घुस आया। अगर स्थानीय लोग उसे नहीं पकड़ते तो कुछ भी हो सकता था।

### सीमा पर सुरंग बनाने के शक में जेसीबी से खोदी गई जमीन

सीमावर्ती गांव से पाकिस्तानी नागरिक पकड़े जाने के बाद रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से सीमा पर तारबंदी के आसपास कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाकर क्षेत्र को खंगाला गया। बीएसएफ ने सीमा पर सुरंग होने के शक में इसकी जांच करने के लिए ट्रैक्टर और जेसीबी की मदद ली। रविवार सुबह से ही सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने खोजी कुत्तों के साथ क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। सीमा पर सुरक्षा को और पुख्ता बना दिया। सुरक्षा बल के उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पाकिस्तानी नागरिक के सीमा पार करने की जानकारी लेने के साथ सीमा पर तारबंदी की भी जांच की। बताया जा रहा है कि सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक से सीमा पार करने की जानकारी मिलने के बाद उस रास्ते को भी खंगाला और सटे इलाकों में तलाशी अभियान चलाया।